## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देशभर में पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का करेंगे उद्घाटन, झारखंड के राजमहल, शंकरपुर और गोविंदपुर रोड स्टेशन शामिल।
- जनजातीय परामर्शदातृ परिषद की बैठक में सीएनटी एक्ट में थाना की बाध्यता समाप्त करने पर हुई चर्चा, विभागीय दस्तावेज पर लिया जाएगा निर्णय।
- नकली दवाइयों के खिलाफ स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी का बड़ा फैसला, 300 महत्वपूर्ण दवाओं की बिक्री के लिए क्यू आर कोड अनिवार्य।
- शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बढ़ाया जांच का दायरा, जेएसबीसीएल के पूर्व और वर्तमान महाप्रबंधक सहित तीन गिरफ्तार।
- और राज्य में कल हुई बारिश में गिरिडीह में 2 लोगों की मौत, 6 घायल, हजारीबाग में वज्रपात से 2 की मौत, आज आंधी के साथ बारिश और वज्रपात को लेकर ऑरेन्ज अलर्ट।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देशभर में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। इस योजना के तहत झारखंड के तीन रेलवे स्टेशन राजमहल रेलवे स्टेशन, गोविंदपुर रोड और देवघर स्थित शंकरपुर रेलवे स्टेशन शामिल हैं। हमारे देवघर संवाददाता ने बताया कि जिले के आसनसोल रेल मंडल के शंकरपुर अमृत भारत रेलवे स्टेशन का प्रधानमंत्री ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ऑनलाइन यात्रियों को संबोधित भी करेंगे. शंकरपुर रेलवे स्टेशन के उद्घाटन समारोह में गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे, विधायक सहित रेल के अधिकारी उपस्थित रहेंगे.शंकरपुर स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए काफी सुविधाएं बढ़ायी गयी है।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति सलाहकार परिषद, टीएसी की बैठक में चर्चा के बाद कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक मे आदिवासी हितों की रक्षा, सभ्यता–संस्कृति के संरक्षण और उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। आदिवासी बहुल इलाकों में शराब दुकान खोलने को लेकर ग्रामसभा की अनुमति अनिवार्य रूप से लेनी होगी। इसके अलावा राज्य में आदिवासियों की जमीन खरीद को लेकर थाना की बाध्यता समाप्त करने पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विभागों के दस्तावेज तैयार होने पर निर्णय लिया जाएगा।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक होगी। झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्यहित में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति मिल सकती है।

****************

पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला विधायक चंपाई सोरेन ने सरायकेला जिले के राजनगर से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के शौर्य के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान श्री सोरेन ने वीर शहीद सिदो–कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल देश के शौर्य का प्रतीक है, बल्कि पहलगाम में अपने सिंदूर को खो चुकी माताओं और बहनों के लिए गर्व का क्षण भी है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने दुनिया को दिखा दिया कि आतंकवाद पर भारत अब चुप नहीं बैठेगा।

****************

राज्य सरकार ने नकली दवाइयों के कारोबार पर अब कड़ा एक्शन लिया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने 300 महत्वपूर्ण दवाओं के लिए क्यू आर कोड अनिवार्य कर दिया है। अब पेनकिलर, बुखार की दवा, प्लेटलेट बढ़ाने वाली दवाएं, शुगर और थायरॉयड की दवाएं, गर्भनिरोधक व विटामिन सप्लीमेंट्स जैसी प्रमुख दवाएं क्यूआर कोड के बिना बाजार में नहीं बिकेंगी। सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में स्वास्थ्य मंत्री ने सभी मेडिकल दुकानों को निर्देश दिया है। बिना रजिस्ट्रेशन वाली दवा पाए जाने पर दुकान का लाइसेंस तुरंत रद्द होगा। उन्होंने बिना वैध डॉक्टर की पर्ची के कफ सिरप बेचने वालों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। साथ ही कहा कि जल्द ही दुमका, रांची, जमशेदपुर और पलामू में अत्याधुनिक फूड और मेडिसिन टेस्टिंग लैब स्थापित किए जाएंगे।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शराब घोटाला मामले में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें झारखंड स्टेट बिवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, जेएसबीसीएल के पूर्व ऑपरेशन महाप्रबंधक सुधीर कुमार और वर्तमान महाप्रबंधक सुधीर कुमार दास शामिल हैं । इसके अलावा एक प्लेसमेंट एजेंसी के स्थानीय प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह को भी एसीबी ने गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने इससे पहले दोनों अधिकारियों से कई घंटे पूछताछ की।

****************

खूंटी जिला में मृत शिक्षक के खाते में 54 लाख से अधिक राशि के भुगतान के मामले में कार्रवाई की गयी है। शिक्षा विभाग ने लापरवाही के आरोप में क्लर्क को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा डीईओ के खिलाफ जांच को आगे बढ़ाया गया है।

****************

लोहरदगा जिला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा भारत स्काउट और गाइड के बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें कानूनी जानकारी दी गई। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****************

राज्य में कल तेज आंधी और बारिश से अलग–अलग जगहों में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 6 से अधिक लोग घायल हो गए। गिरिडीह जिले में मौसम बिगड़ने से दो लोगों की मौत हुई है जबकि 6 लोग घायल हैं। हजारीबाग के केरेडारी में भी वज्रपात से दो लोगों की मौत हो गई। इधर मौसम विभाग ने आज राज्य में बारिश, तेज हवा और वज्रपात को लेकर ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया है।

****************

पूर्वी क्षेत्र वुडबाल चैंपियनशिप की मेजबानी झारखंड को मिली है । झारखंड राज्य वुडबाल संघ द्वारा 31 मई और 1 जून को दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्र वुडबाल चैंपियनशिप का आयोजन जयपालसिंह मुंडा स्टेडियम में किया जाएगा। इसमे झारखंड सहित बंगाल, उड़ीसा, बिहार, छत्तीसगढ़ और असम की टीमें भाग लेंगी।

इधर राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में राज्य स्तरीय चैंपियनशिप पदक विजेता खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने सम्मानित किया। बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम खेलगांव रांची में आयोजित प्रतियोगिता में रांची जिला से बालक वर्ग में कुल  3 प्रतिभागियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 4 बालिकाएं पूरे राज्य में द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में कुल 1800 से अधिक अंक प्राप्त कर रांची जिला ओवरऑल चैंपियन रहा।

****************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने टीएसी की बैठक और शराब घोटाला मामले में एसीबी की कार्रवाई की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण लिखता है–उत्पाद विभाग के जीएम सहित तीन और गिरफ्तार।

सीएनटी एक्ट में थाना क्षेत्र की बाध्यता खत्म करने पर सहमति, बनेगा आयोग , शीर्षक के साथ दैनिक भास्कर ने टीएसी की बैठक की खबर को सुर्खी बनाई है

प्रभात खबर ने लिखा है–सीबीएसई के विद्यार्थियों को दसवीं और 12 वीं के लिए पुनर्मूल्यांकन का मौका।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–टीएसी की बैठक, ग्राम सभा की सहमति से खुलेगी शराब दुकान

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने छत्तीसगढ़ में शीर्ष कमांडर समेत 27 नक्सलियों के ढेर होने की खबर को प्रमुखता दी है।

*********************